प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 25.06.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 4 जुलाई को **पचपदरा रिफाइनरी** राष्ट्र को समर्पित करेंगे।
- केंद्रीय विद्यालयों के लिए 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह **आज** नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।
- पांचना बांध का पानी नहरों में छोड़ने की मांग को लेकर खंडीप में चल रहा किसानों का धरना सरकार के आश्वासन के बाद समाप्त।
- राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम की पांचों विद्युत कंपनियों में विभिन्न संवर्गो के **कुल 2 हजार 5 पदों** पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी।
- निर्जला एकादशी का पर्व आज प्रदेशभर में परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 4 जुलाई को पचपदरा रिफाइनरी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके साथ ही वे जयपुर मेट्रो फेज–2 का शिलान्यास और विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री की इस प्रस्तावित यात्रा के संबंध में तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से जुड़े सुरक्षा मानकों और अन्य सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा किया जाये। इस ऐतिहासिक आयोजन को विकास और रोजगार के उत्सव के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक आमजन और जनप्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से मुख्य समारोह से जुड़ेंगे।

0000

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कुशल क्रियान्वयन के लिए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के उपयोग और पोर्टल पर आंकड़ों को समय पर अपडेट करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे परियोजनाओं में देरी और लागत को बढ़ने से रोका जा सकेगा। प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में प्रगति की 52वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सूचना और संचार प्रौद्योगिकी पर आधारित इस बैठक में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सक्रिय शासन और परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में प्रधानमंत्री ने सड़क, बिजली, औद्योगिक कॉरिडोर और मेट्रो रेल क्षेत्रों से जुड़ी चार प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 30 हजार करोड़ रुपये है। श्री मोदी ने साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़ी शिकायतों की भी समीक्षा की। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम, शिकायतों के त्वरित निपटारे और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए राज्यों से ई–जीरो एफआईआर व्यवस्था लागू करने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

0000

केंद्रीय विद्यालयों के लिए 36वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025–26 का पुरस्कार वितरण समारोह **आज** नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल इस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। श्री मेघवाल विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय पिछले 38 वर्षों से केंद्रीय विद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता देशभर के 200 केन्द्रीय विद्यालयों के बीच आयोजित की गई थी। युवा संसद का उद्देश्य युवा पीढ़ी में आत्म–अनुशासन, विभिन्न विचारों के प्रति सहिष्णुता, विचारों की सही अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक जीवन शैली के अन्य गुणों को विकसित करना है।

0000

करौली जिले के खण्डीप में पांचना बांध का पानी नहरों में छोड़ने की मांग को लेकर चल रहा किसानों का धरना कल समाप्त हो गया। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा **और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने** धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से समझाइश की। डॉ. मीणा ने किसानों को आश्वस्त किया कि आगामी छह दिनों के भीतर पांचना बांध का पानी नहरों में छोड़ दिया जाएगा। मंत्री के इस आश्वासन के बाद किसान नेताओं ने आंदोलन को फिलहाल स्थगित करते हुए धरना समाप्त करने की घोषणा की।

-----

0000

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने प्रदेश की पांचों विद्युत कंपनियों में विभिन्न संवर्गों के **कुल 2 हजार 5 पदों** पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत कनिष्ठ अभियंता, कनिष्ठ लेखाकार और कनिष्ठ सहायक सहित अन्य पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया है, जिसकी आवेदन प्रक्रिया अगले महीने से शुरू होगी। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि हाल ही में टेक्नीशियन–3 के 2,163 पदों का अंतिम परिणाम जारी करने के तुरंत बाद यह नई भर्ती निकाली गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह भर्ती बजट घोषणा के अनुरूप की जा रही है।

0000

राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल की 10वीं और 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम आज घोषित किये जायेंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ये नतीजे जारी करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों (टॉपर्स) से सीधा संवाद भी करेंगे। परीक्षा के नतीजे विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट और अन्य निर्धारित माध्यमों से ऑनलाइन देख सकेंगे।

वववव

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों–सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की अनुपालना को लेकर जयपुर में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान को स्वच्छता के क्षेत्र में देश में पहले स्थान पर लाने के लक्ष्य के साथ काम करने के निर्देश दिए। श्री दिलावर ने आगामी 31 जुलाई तक 4 हजार ग्राम पंचायतों में बर्तन बैंक स्थापित करने और पुराने कचरे के ढेरों को पूरी तरह हटाने को कहा। इसके साथ ही, 31 अक्टूबर तक 1 हजार 600 ग्राम पंचायतों में कचरे को अलग करने के लिए चार–स्तरीय व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसका मंत्री खुद निरीक्षण करेंगे। उन्होंने वर्ष 2029 तक ग्रामीण क्षेत्रों में शत–प्रतिशत स्वच्छता का लक्ष्य रखने तथा विलायती बबूल उन्मूलन अभियान के लिए सभी विभागों को मिलकर संयुक्त कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिए।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आज सवाई माधोपुर पंहुचेंगे। वे कलक्ट्रेट परिसर में नवनिर्मित अभियोजन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। समारोह में कृषि, मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक तथा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी मौजूद रहेंगे।

0000

निर्जला एकादशी का पर्व आज प्रदेशभर में **परम्परागत** श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। श्रद्धालु आज निर्जला वृत रखकर घर परिवार में सुख समृद्धि की कामना कर रहे है। जयपुर के आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे है। बृज क्षेत्र भरतपुर में किला स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई है। इस अवसर पर ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। सवाईमाधोपुर में विभिन्न संगठनों की और से लोगों के लिए ठंडे पेय पदार्थ पिलाने की व्यवस्थाएं की गई है। अजमेर में तीर्थ राज पुष्कर में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पंहुचे है। हमारी संवाददाता ने बताया कि मंदिरों में भजन कीर्तन के आयोजन हो रहे है।

-----

पाली जिला मुख्यालय स्थित प्राचीन विष्णु मंदिर में भगवान का साढे चार सौ किलो आम से विशेष श्रृंगार किया गया है।

0000

जयपुर नगर निगम आगामी दिनों में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए फायर एनओसी को लेकर लगातार सर्वे और जागरूकता अभियान चला रहा है। इसके तहत कल निगम की टीम ने शहर के विभिन्न प्रकार के 74 भवनों का निरीक्षण किया। उपायुक्त (फायर) प्रवीण कुमार ने बताया कि इस सर्वे के दौरान फायर उपकरणों में कमियां पाए जाने पर 53 भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि निगम यह जांच रहा है कि संस्थानों ने फायर एनओसी ली है या नहीं और वे नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं। आगामी समय में नियमों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।